QUICK NEWS

मुनव्वर राना की बेटी हाउस अरेस्ट

लखनऊ. मुनव्वर राना की बड़ी बेटी और समाजवादी पार्टी की नेता सुमैया राना को यूपी पुलिस ने हाउस अरेस्ट किया है. सुमैया राना सोमवार को लखीमपुर खीरी गई थीं. वहां पर उन्होंने मृतक और घायल किसानों के परिजनों से मुलाकात की थी. इसी मामले को लेकर यूपी पुलिस ने उन्हें घर में ही नजरबंद कर दिया है. जानकारी के मुताबिक उन्हें सोमवार रात करीब 11 बजे से नजरबंद किया गया है. उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर कई वीडियो और फोटो डाले हैं. एक ट्वीट में उन्होंने एक फोटो डाली है. इस फोटो में उनके साथ कई पुलिस कर्मी दिखाई दे रहे हैं. साथ में महिला पुलिस कर्मी भी है.



कहां है केंद्रीय मंत्री का बेटा आशीष मिश्रा

लखीमपुर खीरी. उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी के तिकोनिया इलाके में रविवार को किसानों के प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा के 2 दिन से भी ज्यादा का वक्त बीत चुका है. इस दौरान 9 लोगों को जान चली गई. मामले ने बड़ा राजनीतिक रंग ले ले लिया. प्रशासन और किसानों के बीच समझौता भी हो गया. लेकिन एक सवाल जो सबकी जुबां पर बना हुआ है, वह यह कि सांसद और केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी का बेटा आशीष मिश्र मोनू आखिर है कहां? प्रदर्शन कर रहे किसानों का आरोप है कि आशीष मिश्र मोनू ने अपनी जीप से किसानों को कुचल डाला. आरोप यह भी है कि इस दौरान फायरिंग हुई और फिर किसान उग्र हो गए. दोनों ही तरफ से मिलाकर 9 लाशें गिरीं.



मुझे हिरासत में रखा तो मंत्री का बेटा आजाद क्यों

लखीमपुर मामला : पीएम मोदी से प्रियंका के तीखे सवाल

पीएसी गेस्ट हाउस से ही मंगलवार सुबह प्रियंका ने एक वीडियो मैसेज भी जारी किया था. उन्होंने लखीमपुर हिंसा का गाड़ी से रौंदने वाला वीडियो दिखाते हुए प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया था कि इन्हें कब गिरफ्तार किया जाएगा. प्रियंका ने कहा कि इस वीडियो को देखिए और इस देश को बताइए कि इस मंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया गया है? और इस लड़के को अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया है? मेरे जैसे विपक्षी नेताओं को तो आपने बगैर किसी ऑर्डर, बगैर किसी एफआईआर के हिरासत में रखा है. मैं जानना चाहती हूं कि ये आदमी आजाद क्यों है? कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने यह नहीं पता है कि उन्हें कहां बंद किया गया है लेकिन अनुमान के आधार पर यह सीतापुर का कोई गेस्ट हाउस मालूम पड़ता है जो कि काफी समय से बंद था. उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री के बेटे आशीष ने किसानों को कुचला, पुलिस की एफआईआर में आरोपी का नाम है लेकिन मंत्री कह रहे हैं कि वह घटना स्थल पर मौजूद ही नहीं थे.

लखीमपुर, एजेंसियां. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिरासत में लिए जाने के बाद राज्य की योगी सरकार और केंद्र सरकार को निशाने पर लिया. प्रियंका गांधी ने सवाल उठाया कि यदि मैं पीड़ित परिवार से मिलने जाती हूं तो मुझे रोक लिया जाता है, जबकि घटना का आरोपी केंद्रीय गृहराज्य मंत्री का बेटा आजाद घूम रहा है. योगी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रदेश में लोकतांत्रिक और कानूनी प्रक्रिया का पूरी तरह से पतन हो चुका है. उन्होंने कहा कि अगर आप हमें गिरफ्तार कर सकते हैं, तो हत्या के आरोपी मंत्री के बेटे को क्यों नहीं गिरफ्तार किया जा सकता है.

मैं इसे अपहरण कह सकती हूं

प्रियंका गांधी ने कहा कि मुझे गिरफ्तारी से पहले बताया गया कि मुझे धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया जा रहा है, कानूनी भाषा में इसका अर्थ भविष्य में क्राइम करने की आशंका होता है. उन्होंने कहा कि मुझे कोई कागजात नहीं दिखाए गए हैं, अगर वह मुझे कागज नहीं देते हैं तो मैं इसे अपहरण कह सकती हूं. अगर मुझे धारा 151 के तहत 24 घंटे से ज्यादा गिरफ्तार नहीं रखा जा सकता है तो मैं ऐसे भी बाहर आ सकती हूं.

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में केंद्र सरकार का पुतला फूंकते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ता.

UP में किसानों को रौंदने का नया वीडियो

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में रविवार को प्रदर्शनकारी किसानों को गाड़ी से रौंदने के आरोपी आशीष मिश्र (केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र के बेटे) के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है. इस बीच किसानों पर गाड़ी चढ़ाने का एक नया वीडियो सामने आया है. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में दिख रहा है कि गाड़ी की टक्कर के बाद कुछ किसान जमीन पर गिर गए, वहीं कुछ बचने के लिए हांथ-पांव मारते नजर आए और मौके पर अफरातफरी मच गई. वीडियो में दिख रहा है कि किसान हाथों में झंडे लिए आगे बढ़ रहे हैं, तभी एक जीप सायरन बजाते हुए पीछे से आती है और कई लोगों को रौंदते हुए आगे बढ़ जाती है. तेज रफ्तार जीप की टक्कर से कई लोग घायल हो गए. जीप की टक्कर के बाद एक बुजर्ग उछलकर बोनट पर जा गिरे और फिर जमीन पर गिर गए. वीडियो में जीप के पीछे एक एसयूवी भी नजर आ रही है.ये वीडियो सामने आने के बाद विपक्षी नेताओं ने बीजेपी पर निशाना साधना शुरू कर दिया है.

गाड़ी की टक्कर से एक बुजुर्ग उछलकर पहले बोनट पर और फिर जमीन पर जा गिरे

दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करें : वरुण



भाजपा सांसद वरुण गांधी ने उत्तर प्रदेश प्रशासन से लखीमपुर खीरी में किसानों को कथित तौर पर गाड़ी से कुचले जाने के मामले को संज्ञान में लेकर दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की. उन्होंने एक ट्वीट में कहा, 'लखीमपुर खीरी में किसानों को गाड़ियों से जानबूझकर कुचलने का यह वीडियो किसी की भी आत्मा को झकझोर देगा. पुलिस इस वीडियो का संज्ञान लेकर इन गाड़ियों के मालिकों, इनमें बैठे लोगों, और इस प्रकरण में संलिप्त अन्य व्यक्तियों को चिन्हित कर तत्काल गिरफ्तार करे.' उन्होंने ट्वीट के साथ एक वीडियो भी संलग्न किया है, जिसमें एक गाड़ी किसानों को कुचलती हुई जाती दिखाई दे रही है.

UP सरकार का दुर्व्यवहार चिंताजनक : जयंत



उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में किसानों की मौत और हिंसा को लेकर प्रदेश के कई बड़े विपक्षी नेताओं ने लखमीपुर पीड़ित किसानों के परिवार वालों से मिलने की बात कही थी जिसके बाद सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश के बाद नेताओं की गिरफ्तारी शुरू हो गई थी. कई जगहों पर पुलिस और नेताओं के बीच धक्का-मुक्की भी देखने को मिली है. राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने योगी आदित्यनाथ सरकार के खिलाफ हमला बोलते हुए ट्वीटर पर लिखा है कि विपक्षी नेताओं के साथ जो दुर्व्यवहार यूपी सरकार ने किया है चिंताजनक है.

पैंडोरा पेपर्स की जांच करेगी सरकार

दिल्ली, एजेंसियां. भारत सरकार ने कहा है कि उन मामलों की जांच की जाएगी, जिनका जिक्र सोमवार को पैंडोरा पेपर्स नामक खुलासे में हुआ है. इसमें कई बड़े उद्योगपतियों और खेल जगत की हस्तियों के नाम हैं. भारत ने पैंडोरा पेपर्स की जांच की बात कही है तो पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय ने भी मामलों की जांच का आश्वासन दिया है. पाक के वित्त मंत्री शौकत तरीन, जिनका नाम दस्तावेजों में शामिल है, ने कहा कि जिनके नाम दस्तावेजों में आए हैं, उनकी जांच होगी. भारत के वित्त मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि सरकार सक्रिय तौर विदेशी अधिकारियों से बात करेगी और प्रासंगिक करदाताओं व कंपनियों की जानकारियां हासिल करेंगे.

- पैंडोरा पेपर्स के नाम से चर्चित इस खुलासे में ऐसी 29 हजार कंपनियों और ट्रस्ट का पता चला है जिन्हें विदेशों में बनाया गया था.
- 14 कंपनियों के एक करोड़ 20 लाख दस्तावेजों के अध्ययन बाद दावा किया गया है कि विभिन्न देशों के व्यापारियों, उद्योगपतियों, राजनेताओं और खेल व मनोरंजन जगत की मशहूर हस्तियों ने अपना धन छिपाया.

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल / एसएमएस / टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"

संविधान खतरे में है : राहुल

दिल्ली, एजेंसियां. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लखीमपुर खीरी की हिंसा और प्रियंका गांधी वाड्रा को हिरासत में लिए जाने को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानों को गाड़ी से कुचलने वाले केंद्रीय मंत्री के पुत्र को हिरासत में नहीं लिए जाने का मतलब यह है कि देश का संविधान खतरे में है. उन्होंने जोर देकर यह भी कहा कि प्रियंका गांधी एक सच्ची कांग्रेसी हैं और डरने वाली नहीं हैं तथा उनका सत्याग्रह जारी रहेगा. राहुल गांधी ने लखीमपुर में किसानों को गाड़ी से कुचलने से संबंधित एक कथित वीडियो को साझा करते हुए फेसबुक पोस्ट में कहा, 'एक मंत्री का बेटा अगर अपनी गाड़ी के नीचे सत्याग्रही किसानों को कुचल दे, तो देश का संविधान खतरे में है. अगर वीडियो के सामने आने के बाद भी उसे हिरासत में न लिया जाए तो देश का संविधान खतरे में है. अगर एक महिला नेता को 30 घंटे तक बिना प्राथमिकी के हिरासत में रखा जाए तो देश का संविधान खतरे में है.'

घटना ने पूरे देश को हिला कर रख दिया



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लखीमपुर खीरी में किसानों की मौत की घटना को लेकर केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और कहा कि हालात भयावह हैं . देश में लोकतंत्र एवं संविधान को खतरे में बताते हुए गहलोत ने कहा कि देश की जनता को उठना होगा और आगे आना होगा. वे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित धरने को संबोधित कर रहे थे और इस धरने का आयोजन लखीमपुर खीरी की घटना में किसानों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर किया गया. मुख्यमंत्री ने कहा, 'लखीमपुर खीरी में तो हद हो गई. दिन दहाड़े हुई इस घटना में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने घटना का जो वीडियो शेयर किया है उसके बाद क्या सबूत की जरूरत थी. भयावह स्थिति है.'

CM बघेल धरने पर बैठे

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उत्तर प्रदेश की पुलिस ने लखनऊ एयरपोर्ट में रोक लिया. इसके बाद वे एयरपोर्ट पर ही धरने पर बैठ गए. सीएम ने धरने पर बैठे फोटो व वीडियो अपने ट्विटर हैंडल से शेयर किए हैं.







लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास)



राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी

चिराग की LJP को मिला 'हेलीकॉप्टर'

पारस को मिली 'सिलाई मशीन'

दिल्ली, एजेंसियां. चुनाव आयोग ने दो धड़ों में बंटी लोक जनशक्ति पार्टी मंगलवार को अलग-अलग पार्टी के तौर पर मंजूरी दे दी. पार्टी का पुराना नाम और चुनाव चिह्न भी खत्म कर दिया है. चिराग पासवान के नेतृत्व वाली पार्टी का नाम लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) होगा. पार्टी को 'हेलीकाप्टर' चुनाव चिन्ह दिया गया है. वहीं, उनके चाचा और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस की पार्टी का नाम राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी) होगा. आरएलजेपी का चुनाव चिन्ह 'सिलाई मशीन' होगा. चुनाव आयोग ने इस संबंध में लेटर जारी कर दिया है. इसके साथ ही दोनों गुटों के बीच पार्टी को लेकर दावे की लड़ाई अब खत्म होती दिख रही है. बता दें कि रामविलास पासवान के निधन के बाद से ही उनके बेटे चिराग और उनके भाई पशुपति पारस के बीच विवाद उभर आए थे. लोजपा ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए से अलग होकर चुनाव लड़ा था और एक ही सीट मिल पाई थी.

देशमुख जैसा होगा भावना गवली का हाल

नांदेड़, (ए). भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चंद्रकात पाटिल ने कहा कि अनिल देशमुख के संबंध में जैसा हुआ वैसा ही भावना गवली का होगा. आखिर में देशमुख के नेताओं ने अपने हाथ खड़े किए. भावना गवली कितने समय तक इधर-उधर भागेंगी. तीन नहीं तो 5 लोगों ने मिलकर हमारे से पंगा लेने की कोशिश की तो हम उन्हें भी सबक सिखाएंगे. पाटिल ने कहा यह तिघाड़ी की सरकार है. यह जल्द गिर जाएगी लेकिन मुहूर्त नहीं बताऊंगा, उनके कर्मों से यह जल्द गिरेगी. अतिवृष्टि से नुकसान हुए किसानों से उध्दव ठाकरे ने कभी पूछताछ भी नहीं की. पंचनामा करने के लिए खेत में बचा ही क्या. खेत से मिट्टी भी बह गई. 2019 के जीआर के अनुसार किसानों की मदद करने की मांग भी पाटिल ने की है.

गहलोत के विवादित विवाह विधेयक पर रोक

जयपुर, (ए). राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार ने राजस्थान अनिवार्य विवाह पंजीकरण अधिनियम, 2009 में संशोधन के लिए एक विधेयक पारित किया था. लेकिन संशोधित विधायक को लेकर राज्य में विपक्ष और कई सामाजिक संगठनों के विरोध को देखते हुए राज्यपाल कलराज मिश्र ने विधेयक को रोक दिया है. राजस्थान सरकार के नए विधेयक को लेकर आरोप विपक्ष का आरोप है कि इस कानून से बाल विवाह को बढ़ावा मिलेगा. विधानसभा में भी भाजपा ने इस विधेयक का विरोध करते हुए वाक आउट कर दिया था. राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार ने राजस्थान अनिवार्य विवाह पंजीकरण अधिनियम, 2009 में संशोधन के लिए एक विधेयक पारित किया था जिसमें राज्य के सभी विवाहों का पंजीकरण करना अनिवार्य है चाहे वो किसी भी उम्र के हो. सरकार के इस विधेयक को लेकर भाजपा समेत कई सामाजिक संगठन और एनजीओ जमकर विरोध कर रही हैं. इस विधेयक के खिलाफ एक एनजीओ ने राजस्थान सरकार के इस बिल को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट में पीआईएल दाखिल की है.

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

पूर्व रेलवे

बृहन्मुंबई महानगरपालिका
देवनार कसाईखाना
विभाग - महाप्रबंधक, देवनार कसाईखाना
ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु दि. 11.10.2021 की निर्धारित तिथि को वापसी योग्य निविदायें आमंत्रित की जाती हैं.

अ. क्र.	कार्य का नाम	बोली क्र.	बोली की आरंभिक तिथि	बोली की समापन तिथि	निविदा मूल्य	बयाना रकम जमा (रु.)
1.	देवनार कसाईखाना में उत्पन्न अवशिष्ट तथा पेट की आंतरिक सामग्री के निष्कासन का कार्य	7200012530	04.10.2021	11.10.2021	रु. 4100/- +5% जीएसटी	रु. 41000/-

इच्छुक पात्र ठेकेदार ई-निविदा के संबंध में अधिक जानकारी एमसीजीएम की वेबसाइट https://portal.mcgm.gov.in/ अंतर्गत (For partners -> Tenders-view-> Select Department - Deonar Abattoir) से अथवा महाप्रबंधक कार्यालय, देवनार कसाईखाना, गोवंडी रेलवे स्टेशन के सामने, गोवंडी, मुंबई - 43 से प्राप्त कर सकते हैं.

हस्ता./-
महाप्रबंधक (प्रभारी)
देवनार कसाईखाना

पीआरओ/1229/विज्ञा./2021-22

अपनी मर्जी से दवाईयां हरगिज ना लें.

ULHASNAGAR MUNICIPAL CORPORATION
Public Health Department
E-TENDER NOTICE

Online Tenders form are invited by Ulhasnagar Municipal Corporation, Ulhasnagar from Manufacturer/ Authorized Dealers, Registered Contractors under Company Act.

Name of work :-

Supply of vehicles with body fabrication work and other infrastructure for solid waste collection and transportation.

Estimated cost put to tender : **Rs. 8,58,00,000/-**
EMD Amount : **Rs. 9,00,000/-**
Online Tender Document Download : 07-10-2021 11:00 Hrs To 08-11-2021
Online Bid Upload/Submission : 07-10-2021 11:00 Hrs To 08-11-2021
Security Deposit : 3% of accepted tender cost shall be paid as performance security to the successful bidder.
Validity of offer : 180 days from the date of tender opening.

The Tender from will be available online only. Tender forms will not be sold manually from Public Health Department Ulhasnagar Municipal Corporation. Bid should be submitted on line only as per above Schedule.

Eligibility criteria and detailed tender notice is also available at the office of D.M.C. (PHD Dept), Ulhasnagar Municipal Corporation, Ulhasnagar-3.

Pre-Bid Conference will be held on 18/10/2021 at 15:00 noon in the office of the Add. Commissioner, Ulhasnagar Municipal Corporation.

Rights to reject any or all tenders without assigning any reason thereof is reserved by the Hon. Commissioner, Ulhasnagar Municipal Corporation, Ulhasnagar.

Sd/-
Deputy Commissioner (PHD)
Ulhasnagar Municipal Corporation
Ulhasnagar

जा.क्र. उमपा/पिआरओ/४२०/२०२१
दि. ५/१०/२०२१

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
सूचना